Need to restart flight operations from Dhanbad Airport, Jharkhand-laid

श्री दुलू महतो (धनबाद) : मैं माननीय नागरिक विमानन मंत्री जी का ध्यान धनबाद हवाई अड्डे की स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ ।

धनबाद हवाई अड्डा 1980 से 1987 तक सक्रिय था और पटना, कोलकाता, तथा रांची के लिए महत्वपूर्ण एयर सेवाएं प्रदान करता था । 1988 में सेवाएं बंद हो गईं, और उसके बाद से कोई प्रगति नहीं हुई, हालांकि 2008 में एक नया यात्री प्रतीक्षालय खोला गया था । मेरे लोकसभा क्षेत्र में कई प्रमुख सार्वजनिक उपक्रम हैं, जैसे भारत कोकिंग कोल, कोल इंडिया और बीईएमएल, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं ।

हवाई सेवाओं की कमी से व्यापार और यात्रा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है । इसलिए, मैं माननीय नागरिक विमानन मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि धनबाद हवाई अड्डे की कनेक्टिविटी को पुनः स्थापित किया जाए, ताकि क्षेत्र का विकास हो सके और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले ।